तापमान
अधिकतम 34.6 डिग्री
न्यूनतम 21.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 30 अगस्त, 2025

रोहित जैन बोले, भाजपा का झांसा मॉडल उजागर 12



छात्रों ने योग क्रियाओं के जरिए सबको चौंकाया 12



## खबर संक्षेप

### इग्नू में 31 अगस्त तक ले सकेंगे दाखिला

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि जुलाई 2025 सत्र में दाखिले की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय तक फीस जमा न कराने वाले छात्रों का दाखिला स्वतः रद्द कर दिया जाएगा। इग्नू पूरे देश में लाखों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का अवसर दे रहा है। करनाल क्षेत्र से भी हजारों विद्यार्थी हर वर्ष दाखिला लेते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र ऑनलाइन पोर्टल पर डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग से फीस जमा कर सकते हैं।

### 8.30 ग्राम स्मैक सहित युवक गिरफ्तार

**बराड़ा।** पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 8.30 ग्राम हेरोइन (स्मैक) सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान मुस्तकीम पुत्र मोबिन निवासी शामली (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सुबरी मोड़ के पास मुस्तकीम भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर बराड़ा की तरफ आने वाला है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए तंदवाल-राजोखेड़ी टी प्वाइंट पर नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया।

### इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में डकैती का आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी की राय मार्केट में 5 अगस्त की रात को भाटिया ब्रदर्स इलेक्ट्रोनिक शोरूम पर दो कर्मचारियों को बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम देने के मामले में सीआईए-2 आरोपी बॉबी को गिरफ्तार किया है। उसे चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने डकैती के समय वारदात में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी व दो विंडो एसी बरामद कर लिए हैं। राजीव ने शिकायत दी थी कि आरोपी शोरूम से 8 विंडो एसी व अन्य की दुकान से इनवर्टर, बैटरी तथा वाइडिंग कॉपर वायर हथियार दिखाकर, डरा धमकाकर ले गए हैं।

### सिविल अस्पताल में बच्ची की मौत

**पानीपत।** सिविल अस्पताल में पांच माह की बच्ची दृष्टि प्रभाकर निवासी पानीपत व मूल निवासी नवादा, बिहार की मौत हो गई। दूसरी ओर, अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और बच्ची के शव की जांच की और पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों का आरोप है कि अस्वस्थ्य दृष्टि का उपचार करने के बजाए उन्हें अस्पताल में चक्कर कटवाए गए, सही समय पर दृष्टि को उपचार नहीं मिला और उसकी मौत हो गई।

### युवक की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने गांव नैन में रजवाहे के पास रंजिशन मोनू निवासी गांव खरौदी जिला कैथल हाल निवासी गांव नैन जिला पानीपत की चाकू मार कर हत्या करने के दो आरोपियों मोहित निवासी गांव नैन व रोहित निवासी गांव परढाना जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि आरोपियों ने अपने साथी जोनी के साथ मिलकर रंजिशन हत्या करना स्वीकारा है। मोनू हत्याकांड में थाना मतलौडा में रवि निवासी गांव नैन की शिकायत पर केस दर्ज है।

### नशा तस्करी के आरोप में महिला गिरफ्तार

**समालखा।** समालखा थाना पुलिस टीम ने भरत कॉलोनी निवासी कविता को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। वहीं कविता के पास से पुलिस ने 64 ग्राम गांजा बरामद किया है। वहीं, थाना समालखा प्रभारी दीपक ने बताया कि कविता पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। इधर पुलिस ने कविता को अदालत में पेश किया, जहां से उसकी जमानत हो गई।

## अंबाला : मारकंडा नदी उफान पर 52600 क्यूसिक पानी आया

### कई गांवों में घुसा पानी फसलों को नुकसान

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

- अचानक आई बाढ़ से ग्रामीणों की टेंशन बढ़ी

पहाड़ों में हो रही मूसलादार बरसात का असर शुक्रवार को हरियाणा में भी दिखाई दिया। मुलाना में पहाड़ों से मारकंडा नदी में पानी का सैलाब आया, जिसके चलते मारकंडा नदी का जलस्तर खतरे के निशान 10 फीट को पार कर गया। इस सीजन में दूसरी बार ऐसा हुआ है जब मारकंडा नदी ने खतरे के निशान को पार किया है।

शुक्रवार को दोपहर 2 बजकर 40 मिनट पर मारकंडा नदी में रिकार्ड जलस्तर 10.6 फीट करीब 52600 क्यूसिक दर्ज किया गया। हालांकि करीब 20 मिनट बाद ही जलस्तर घटने लगा। जिससे मारकंडा नदी का पानी ओवरफ्लो होकर खेतों से फसलों को प्रभावित करते हुए हेमामाजरा गांव की फिरनी और मुलाना हेमामाजरा रोड से गुजरने लगा। इससे ग्रामीणों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। खेतों में पहले ही बरसाती पानी खड़ा है। जिसके बाद मारकंडा नदी के पानी आने से फसले प्रभावित हुई है। मारकंडा नदी के पानी के साथ काफी गाद आती है जोकि फसलों के लिए सही नहीं है। शुक्रवार शाम 5 बजे भी मारकंडा नदी का जलस्तर चेतावनी वाले स्तर 9 फीट पर 43200 क्यूसिक के साथ दर्ज किया गया।

**गोला गांव में फिर घुसा पानी:** शुक्रवार को बेगना नदी भी उफान पर रही। जलस्तर को करीब 25 हजार क्यूसिक दर्ज किया गया। इससे गोला गांव में नदी का पानी घुस गया। पानी का स्तर गांव में लगातार बढ़ता गया और गांव गलियां जलमग्न हो गई। इसके साथ ही कई घरो में भी पानी घूसा। वहीं नहौनी, टमनौली, गोला,गोली सहित अन्य गांवो की खेतो की फसलो को भी बेगना नदी ने प्रभावित किया। बेगना नदी के उफान पर होने से गोला गांव में इस सीजन 4 से 5 बार पानी ने मार की है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को यहां का स्थाई समाधान करना चाहिए। हर बार गांव में पानी आने पर ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



**अंबाला।** मारकंडा नदी में आए उफान का दृश्य।



**नारायणगढ़।** बेगना नदी में हुए कटाव व मौका मुआयना करती एसडीएम भारती।

### बेगना नदी में भूमि कटाव

**नारायणगढ़।** बेगना नदी में अचानक आए उफान के बाद शुक्रवार को एसडीएम शिवजीत भारती ने गांव फतेहपुर 80 का दौरा किया। उन्होंने बेगना नदी के कारण हो रहे भूमि कटाव का जायजा लिया। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। एसडीएम ने निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बेगना नदी का पानी गांव की आबादी में प्रवेश न करे। इसके लिए मिट्टी व रेत से भरे बैग तत्काल लगाकर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि गांव पूरी तरह सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि नदी के बंध को भी सुरक्षित रखने के लिए मिट्टी व रेत के बैग बंध के आसपास लगाए जाएं जिससे पानी का तेज बहाव दूसरी दिशा में मोड़ा जा सके। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि बेगना नदी के पानी को डाइवर्ट करने के लिए जेसीबी मशीन की मदद से खुदाई करवाई जाए ताकि पानी का बहाव नियंत्रित रहे और भूमि कटाव को रोका जा सके। एसडीएम ने ग्रामवासियों को भी सचेत रहने की सलाह दी। कहा कि बरसात के मौसम में सभी ग्रामीण सतर्क रहें। प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## मौसी के घर आए युवक की पीट-पीटकर हत्या



तरावड़ी। युवक की मौत के बाद विलाप करते परिजन। फोटो : हरिभूमि

- गांव के ही इमरान नामक युवक से हो गई थी कहासुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी के गांव सौंकड़ा में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वह अपनी मौसी के घर आया हुआ था। यहां किसी युवक ने उसे फोन करके बुलाया था। इसी दौरान गांव के कुछ युवकों से उसका झगड़ा हो गया। हमलावरों ने उस पर लाठी-डंडों और तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना गुरुवार रात की है। मृतक की पहचान सीतामाई गांव के रहने वाले 21 वर्षीय रोहित के रूप में हुई है। मृतक के भाई प्रिंस ने पुलिस को बताया कि उसके भाई रोहित की कहासुनी गांव के ही इमरान नामक युवक से हो गई थी। इसके बाद इमरान ने उसे सीतामाई गांव में बुलाया। जब वह वहां पहुंचा तो इमरान ने उसके भाई रोहित को फोन करके कहा कि अपने भाई को लेकर यहां से चले जाओ।

रोहित उसे लेने पहुंचा तो उसी समय इमरान और उसके साथी आ गए। वे सभी नशे में थे और आते ही रोहित पर लाठी-डंडों और तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। इस दौरान प्रिंस ने बीच-बचाव की कोशिश की तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। हमले के बाद रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार हो गए।

#### दे रहे दबिश : एसएचओ

तरावड़ी थाना के एसएचओ राजपाल ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। जिन आरोपियों के नाम सामने आए हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। साथ ही मौके पर मौजूद लोगों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर हत्या का केस दर्ज कर आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

## 1 सितंबर को सीएम आवास घेरेंगे किसान

- धान की सरकारी खरीद 15 सितंबर से शुरू करने की मुख्य मांग उठायी



**करनाल।** जनसभा के दौरान उपस्थित भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

**करनाल।** हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले किसान संगठनों ने ऐलान किया है कि 1 सितंबर को कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। किसानों की यह चेतावनी सरकार के लिए गंभीर चुनौती बन गई है। भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) के प्रदेश प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी, जिला प्रधान सतबीर सिंह जोगन और युवा किसान नेता संजीव दुल ने करनाल जिले के गांव कैलाश, दरड़ और टीकरी में सभाएँ करके आंदोलन की रणनीति बताई। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार को किसानों की आवाज सुननी ही पड़ेगी। किसानों की मुख्य मांगें हैं – धान की सरकारी खरीद 15 सितंबर से शुरू की जाए, फिजी वायरस से प्रभावित धान की फसल का उचित मुआवजा दिया जाए, एमएसपी की गारंटी कानून बने और नकली बीज व कीटनाशक बेचने वाले कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रवक्ता बहादुर मेहला ने कहा, "किसान सालभर मेहनत करके भी कर्ज में दबा हुआ है, सरकार राहत देने की बजाय समस्याएँ बढ़ा रही है। अब हम शांत बैठने वाले नहीं हैं।"

## पानीपत में जिप की पूर्व अध्यक्ष काजल की अपील खारिज

**पानीपत।** जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष काजल देशवाल को हरियाणा डिवेलपमेंट एंड पंचायत डिपार्टमेंट के कमिश्नर से भी राहत नहीं मिली है। काजल की अपील को खारिज करते हुए विभाग के कमिश्नर साकेत कुमार ने कहा कि इस मामले में तथ्यों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, इसलिए अपीलकर्ता की अपील खारिज की जाती है। काजल का जाति प्रमाणपत्र फर्जी पाए जाने पर पानीपत के उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने काजल देशवाल को पद से बर्खास्त कर दिया था।

काजल पानीपत जिला परिषद के वार्ड 13 से चुनाव जीती थी। यह वार्ड पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था। काजल ने खुद को कश्यप राजपूत बताते हुए बीसी ए वर्ग का जाति प्रमाणपत्र लगाया था। बाद में काजल भाजपा समर्थित चेयरपर्सन ज्योति शर्मा को कुर्सी से हटा कर चेयरपर्सन बनीं। वहीं, काजल पर प्रदीप कुमार की शिकायत पानीपत सिटी थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी, षडयंत्र रचने आदि आरोपों में केस दर्ज है।

## हैंडबॉल नर्सरी में समारोह: ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को निखारना सरकार का लक्ष्य : मंत्री गौरव गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बड़ौता स्थित राज्य स्तरीय हैंडबॉल नर्सरी में शानदार समारोह आयोजित हुआ। हरियाणा सरकार के खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों की छुपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाया जाए। उन्होंने घोषणा की कि खेल नर्सरियों की संख्या 3 हजार तक बढ़ाई जाएगी और हर गांव से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय पहलवान व अर्जुन अवॉर्डी बबीता फोगाट ने छात्राओं को प्रेरित किया। जिला खेल अधिकारी प्रवीण कुमार और कोच राजेश यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया।



**करनाल।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर बड़ौता स्थित राज्य स्तरीय हैंडबॉल नर्सरी में खिलाड़ियों के साथ खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री गौरव गौतम व अन्य।

## 11 ग्राम हेरोइन समेत युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** बूडिया थाना पुलिस ने कस्बे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 11 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत 44 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार बूडिया थाने में तैनात एसआई सुरेंद्र कुमार ने बताया कि वह रात नौ बजे टीम के साथ कस्बे में गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि बूडिया के नजदीक एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 11 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी व्यक्ति की पहचान बूडिया के रविदास मंदिर निवासी मोसिन उर्फ नाथी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को दो साल कारावास

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी रणजीत सिंह उर्फ जज उर्फ बिट्टू वासी शम्भू कलां जिला पटियाला पंजाब को दो साल कारावास व 10 हजार रुपए जुमर्ूरनें की सजा सुनाई। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 14 अगस्त 2020 को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक नीरज कुमार की टीम गीता द्वार पीपली के पास मौजूद थी।

पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जीटी रोड पीपली पर नाकबंदी करके रणजीत सिंह उर्फ जज उर्फ बिट्टू वासी शम्भू कलां जिला पटियाला पंजाब को ट्रक सहित काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपी व उसके ट्रक की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 10 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुई थी। आरोपी के विरुद्ध थाना सदर थानेसर में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया था। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर नशीला पदार्थ रखने के आरोपी रणजीत सिंह उर्फ जज उर्फ बिट्टू वासी शम्भू कलां जिला पटियाला पंजाब को दोषी करार देते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 15 के तहत 2 साल कठोर कारावास व 10 हजार रुपए जुर्मानें की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने की सूरत में 1 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### कंपनी में निवेश के नाम पर कई लोगों को लगाया चूना

## राशि दोगुना करने का झांसा देकर ठगे दो करोड़

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कंपनी में निवेश कर पैसे दोगुना करने का लालच देकर गांव पांजुपुर निवासी महेश व खेड़ा मोहल्ला निवासी रणधीर कुमार तथा उनके रिश्तेदारों से दो करोड़ रुपये ठग लिए। आरोप जिला कुरूक्षेत्र के लाडवा निवासी संजीव मोहिल व प्रमोद कुमार और गांव सुरा निवासी सौरभ तेज पंवार पर लगे हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव पांजुपुर निवासी महेश कुमार ने बताया कि जिला कुरूक्षेत्र के लाडवा निवासी संजीव मोहिल व प्रमोद कुमार और गांव सुरा के सौरभ तेज पंवार एलपीएन टोकन नाम की कंपनी में काम करते है। एक दिन आरोपी उसके पास आए। आरोपियों ने उसे कंपनी में निवेश कर 18 माह में पैसे दोगुना और 36 माह के दोगुना रिटर्न के साथ तीन प्रतिशत मासिक ब्याज मिलने की बात कही। वह आरोपियों की बातों में आ गया। उसने व उसके साथी खेड़ा मोहल्ला निवासी रणधीर कुमार तथा अन्य रिश्तेदारों ने आरोपियों के कहने पर कंपनी में दो करोड़ रुपये निवेश किया। इसके बाद 18 व 36 माह निकल गए पर उनकी निवेश की राशि दोगुनी नहीं हुई और न ही उन्हें कोई ब्याज मिला। इस बारे में उन्होंने संजीव, प्रमोद व सौरभ से बात की।

तब उन्होंने पैसे दोगुने न होने व ब्याज न मिलने पर तर्क दिया कि एलपीएन टोकन कंपनी द सोलिवर्स कंपनी में मर्ज हो रही है। कंपनी मर्ज होने के बाद उनका भुगतान कर दिया जाएगा। लेकिन काफी समय बाद भी उनका भुगतान नहीं हुआ। जब उसने आरोपियों से निवेश के पैसे वापस मांगे तो वह टालमटोल करने लगे। इस बारे में गत सात फरवरी को शहर के नेहरू पार्क में पंचायत हुई। जिसमें 28 फरवरी तक पैसा लौटाने का फैसला हुआ था। इस तय तारीख में भी तब उन्हें पैसा नहीं लौटाया गया। तब उन्होंने आरोपियों से संपर्क किया।

### आरोपियों ने दी पीड़ित को जान से मारने की धमकी

इस पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, जांच अधिकारी एसआई बलविंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

#### डीपीओ कार्यालय की लापरवाही पर आयोग सख्त

**करनाल।** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग) करनाल कार्यालय की लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने स्पष्ट कहा कि जनता को समय पर सेवा न देना और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को निर्धारित अवधि में फायदा न पहुँचाना, सेवा का अधिकार अधिनियम 2014 का खुला उल्लंघन है।इस मामले में अपीलकर्ता संगीता देवी निवासी घरौंडा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें योजना का लाभ समय पर उपलब्ध नहीं कराया गया। सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एम.एस. चौहान और सदस्य प्रो. अमरजीत सिंह मान ने पाया कि कार्यालय द्वारा लापरवाही बरती गई। आयोग ने आदेश जारी करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी करनाल अनिता रानी पर 10 हजार रुपये जुर्माना और 5 हजार रुपये मुआवजे की वसूली करने के निर्देश दिए। साथ ही यह राशि महिला एवं बाल विकास विभाग के महानिदेशक सुधीर राजपाल द्वारा उनकी वेतन से काटकर 13 अक्टूबर तक आयोग को भेजी जाएगी। अपीलकर्ता संगीता देवी को भी यह राशि सीधे खाते में भेजने के आदेश दिए गए हैं। आयोग ने यह भी निर्देश दिए कि भविष्य में यदि किसी भी अधिकारी ने इस प्रकार की लापरवाही की तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चौपाल से दस क्विंटल गेहूं और खाद के दो कट्टे चोरी

- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना व्यासपुर क्षेत्र के गांव मछरौली में चौपाल से दस क्विंटल गेहूं व खाद के दो कट्टे चोरी हो गए। आरोप गांव के ही रजत पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव मछरौली निवासी प्रकाश चंद ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि घर के नजदीक ही उनकी चौपाल है। जिसमें उन्होंने गेंहू व खेती बाड़ी का अन्य सामान रखा हुआ है। 26 अगस्त को दोपहर वह किसी काम से बाहर गया था। करीब दो घंटे बाद जब वह वापस आया तो चौपाल में सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर चौपाल से 10 क्विंटल गेहूं व खाद के दो कट्टे गायब मिले। जांच करने पर उसे पता चला कि चौपाल से गेहूं व खाद गांव के ही रजत ने चोरी किया है। उसने आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### ट्यूबवेल से स्टार्टर और केबल चोरी का केस दर्ज

उधर, थाना सदर जगाधरी पुलिस ने गांव मैहलांवाली निवासी बलविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने 27 अगस्त की रात को उनके खेतों में लगे ट्यूबवेल से स्टार्टर व केबल चोरी कर ली। जब सुबह वह खेतों में गया तो उसे चोरी का पता चला।

**खबर संक्षेप**

## समूह सेविका पर मानदेय हड़पने का लगाया आरोप

**यमुनानगर।** गांव खारवन निवासी लक्ष्मी देवी ने छछरौली की बीपीएम मोहन लता व समूह सेविका पिंकी पर उसके दस्तावेजों का दुरुपयोग करके मानदेय हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। लक्ष्मी देवी ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह छछरौली में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अटल किसान कैंटीन में कार्यरत है। उसने बताया कि 2023 में भूखड़ी की समूह सेविका पिंकी ने उससे 10वीं कक्षा का सर्टिफिकेट व आधार कार्ड की फोटो कॉपी ली थी। करीब 15 दिन बाद आरोपी पिंकी ने उसके दस्तावेजों की फोटो कॉपी वापस कर दी। पिंकी ने उसे बताया कि उसकी समूह सेविका की फाइल रिजेक्ट हो गई है। गत मार्च महीने में उसे पता चला कि वह समूह सेविका है और उसके नाम से मानदेय भी आ रहा है। जांच करने पर उसे पता चला कि उसके नाम से करीब 44 हजार रुपये का मानेदय अकाउंट में आया हुआ है। इसके बाद उसने उसके दस्तावेजों का दुरूपयोग करने के बारे में एसडीएम कार्यालय में में शिकायत दी।

### यमुना का जलस्तर अभी सामान्य, पारा लुढ़का

# नीचले इलाकों व सड़कों पर पानी भरने से लोग परेशान

■ बारिश रुकने के बाद कामकाजी लोग अपने गंतव्य पर पहुंचे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

जिले भर में शुक्रवार सुबह हुई बारिश से दोपहर तक जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। इस दौरान जिले में कहीं पर तेज तो कहीं पर हल्की बारिश रही। बारिश होने से सड़कों व नीचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं, बारिश होने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे शुरु हुई बारिश दोपहर तक रुक रुक कर होती रही। बारिश रुकने के बाद कामकाजी लोग अपने गंतव्य पर पहुंचे। वहीं, अधिकांश बच्चे भी भीगते हुए अपने स्कूलों में पहुंचे। नीचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।


यमुनानगर। में शुक्रवार को बारिश होने से सड़कों पर भरे पानी के बीच से गुजरते वाहन।

वहीं, खजूरी मार्ग पर शादीपुर के नजदीक कई जगह तालाब जैसी स्थिति बन गई। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। खास बात यह है कि जिले में हर दूसरे तीसरे दिन हो रही बारिश से खेतों में पकने को खड़ी धान की फसल को नुक्सान हो रहा है। वहीं, बारिश में पहले से ही खेतों में खड़ी फसलों में भरे पानी से किसान परेशान हैं। किसान सोमबीर सिंह, गुरदेव सिंह, मोहित कुमार, संदीप कुमार व विजय पाल आदि का कहना है कि इस बार हर दूसरे तीसरे दिन बारिश हो रही है। जिसकी वजह से पहले ही कई नीचले इलाकों में खेतों में खड़ी फसलों में जलभराव के कारण काफी नुक्सान हो चुका है। ऐसे में बार बार हो रही बारिश से खेतों में पहले से हुए जलभराव में जो थोड़ी बहुत शेष रह की फसलें भी नष्ट होने से किसानों को भारी नुक्सान होगा। उन्होंने बताया कि जिले में दो दिन के बाद शुक्रवार को फिर से बारिश हो गई।

जिससे किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। यदि बारिश इसी तरह जारी रही तो जिन खेतों में अभी भी शेष बची फसलों में भी भारी नुक्सान होने की आशंका है। खासकर खेतों में पकने को तैयार खड़ी धान की फसल को ज्यादा नुक्सान होगा।

**तीन डिग्री लुढ़का पारा**

शुक्रवार को जिले में हुई बारिश होने से जिले का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रह गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दो तीन दिन बारिश जारी रहने की संभावना है।

# ग्लोब स्कूल ने कराटे में चार स्वर्ण समेत जीते 14 पदक

■ अमृतपाल सिंह, भगत राम, कुणाल व एरिक ने स्वर्ण पदक जीता स्कूल का नाम रोशन किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर**

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने राष्टNीय करांटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 6 रजत व 4 कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने बताया कि कुरुक्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय रराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया और 4 स्वर्ण, 6 रजत व 4 कांस्य पदकों के साथ कुल 14 पदक जीते। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में अमृतपाल सिंह, भगत राम, कुणाल व एरिक ने स्वर्ण पदक, सार्थक, रमनीत, रेहान, दुअंश, अविक कांबोज व मयंक ने रजत पदक तथा दीपांशु, गुरनूर, रिद्धान व युवराज ने कांस्य पदक जीते। विजेताओं का स्वागत करने के पश्चात प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया वे सभी बधाई के पात्र हैं। क्योंकि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करना ही अपने आप में महत्वपूर्ण है ।



यमुनानगर। स्कूल में विजेताओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

## व्यक्ति ने घर में घुसकर नाबालिग से की छेड़छाड़, मामला दर्ज

**यमुनानगर।** थाना रादौर क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने लड़की व उसकी मां के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ पोक्सो एक्ट व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 अगस्त की दोपहर को उसकी 17 वर्षीय लड़की घर पर अकेली थी। इस दौरान उनके गांव का ही कर्मचंद उनके घर पर आया। आरोपी ने उसकी लड़की को अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। उसकी लड़की ने जब शोर मचाया तो वह मौके पर पहुंची। जब उसने आरोपी का विरोध किया तो आरोपी ने उसके व उसकी लड़की के साथ मारपीट की। आरोपी ने इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। उधर, थाना रादौर प्रभारी राजपाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# एआई उद्योग जगत समेत रोजमर्रा की जिंदगी में निभा रहा महत्वपूर्ण भूमिका

■ जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में भविष्य के लिए तैयार कौशल पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर**

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में भविष्य के लिए तैयार कौशल व एआई का विकास विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान विभागाध्यक्ष सुश्री दीपशिखा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में विषय विशेषज्ञ आशुतोश नरुला व राहुल गौर ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता आशुतोष नरूला व राहुल गौर ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास, उसके वर्तमान स्वरूप व भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भविष्य के लिए तैयार कौशल जैसे क्रिटिकल थिंकिंग, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग और डिजिटल टूल्स में महारत हासिल करना आने वाले समय के लिए अनिवार्य होगा। वक्ताओं ने विभिन्न वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझाया कि एआई न केवल उद्योग जगत बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व रोजमर्रा की जिंदगी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मौके पर विद्यार्थियों ने अनेक प्रश्न पूछे। जिनका विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। सत्र को विद्यार्थियों ने अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने दोनों मुख्य वक्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे नई तकनीकों के प्रति जिज्ञासु रहें और स्वयं को निरंतर कौशल विकास की दिशा में अग्रसर करें।


यमुनानगर। के जेएमआईटी संस्थान में आयोजित व्याख्यान में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

# स्वच्छता के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आमजन की सहभागिता जरूरी : आहूजा

■ जिला सचिवालय में हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत आयोजित हुई प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 को लेकर जिला सचिवालय में पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, मार्किट कमेटी व नगर निगम समेत अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा ने बताया कि शहरी निकाय क्षेत्रों में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का नारा हर मोहल्ला, हर गली, हर मकान स्वच्छ हरियाणा की पहचान रहेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान में स्वच्छता को लेकर जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के अभियान के तहत सरकारी व निजी कार्यालयों की सफाई, भवनों की पुताई, धार्मिक व पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण, सड़कों व नालों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट और साइन बोर्ड दुरुस्ती जैसे कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही जन भागीदारी और जागरूकता पर विशेष जोर रहेगा। स्कूलों, आरडब्ल्यूए, एनजीओ और बाजार संघों की भागीदारी से जागरूकता रैलियों के माध्यम से नो प्लास्टिक ड्राइव जैसे कार्यक्रम होंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा ने कहा कि उपमण्डल स्तर पर एसडीएम नोडल के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने स्ट्रे एनिमल फ्री कुत्ते, गाय आदि को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, मार्किट कमेटी व नगर निगम के अधिकारियों को बरसात के कारण जिले की टूटी हुई सड़कों का सर्वे करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जल्द ही सड़कों को ठीक किया जाए। ताकि लोगों को आने जाने में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जिला को प्लास्टिक फ्री जोन बनाया जाए। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा ने लोगों से अपील की कि प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग न करें।



यमुनानगर । के जिला सचिवालय में स्वच्छता अभियान को लेकर आयोजित बैठक में प्रशासनिक अधिकारियो क दिशा निर्देश देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा।

# विज्ञान प्रदर्शनी कक्षा दूसरी के हितांश ने मारी बाजी

■ स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी(यमुनानगर) में विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी(यमुनानगर) में विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा दो से 12वीं तक के 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स, व्हीटस्टोन ब्रिज, डायलियसिस, वायर गेम, दीर्घवृत, हआड्रोलिक लिफ्ट, स्पाइनल कार्ड, आवर्त सारणी, परावर्तन एवं अपवर्तन आदि विषयों पर माडल्स बनाकर प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए।

विद्यालय की चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा दो में हितांश ने प्रथम स्थान, दमनप्रीत और जिग्नेश ने द्वितीय व तक्षवी और भव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीन में दिव्यांश और वंशिका ने प्रथम,चहल, वासु और विहान ने द्वितीय तथा माधव शर्मा और माही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चार में अक्ष्रम ने प्रथम ,कविन ने द्वितीय और दिशांत, लक्ष्य, सूर्यांश व विनायक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवी में उर्वशी, कविन और आरुषि ने प्रथम, आरव ने द्वितीय व पूनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

छठी में पाखी ने प्रथम,कृष्णा, कार्तिक, हर्षित और अद्वित ने द्वितीय तथा दीवांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सातवीं में धीरज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।


यमुनानगर । के स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयजित विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि



यमुनानगर। के दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित अलंकरण समारोह में नवनियुक्त किए गए विद्यार्थी नेता स्टाफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए।

## छात्र परिषद के सीनियर वर्ग में हितांश सहगल व जूनियर वर्ग में छात्र पुलकित क्वात्रा बने हैडब्वॉय

**यमुनानगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में शुक्रवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामनिवास गर्ग ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ चेयरमैन राम निवास गर्ग , निदेशक हितेश गर्ग व प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प वर्षा कर व दीप प्रज्जवलित करके किया। मौके पर विद्यार्थियों ने बैंड की मधुर धुनों पर परेड़ का आयोजन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने बताया कि अलंकरण समारोह में शिक्षा सत्र 2025-2026 के लिए छात्र परिषद का विधिवत गठन किया गया। विद्यालय में छात्र परिषद के चुनाव में सीनियर वर्ग के साथ-साथ जूनियर वर्ग को भी शामिल किया गया। ताकि आरम्भ से ही विद्यार्थियों में जिम्मेदारी की भावना का विकास हो सके। उन्होंने बताया कि विद्यालय की छात्र परिषद में सीनियर वर्ग में अकेडमिक्स हितांश सहगल को हैड ब्वॉय, अकेडमिक्स पनिष्टी कुमार हैडगर्ल, कल्चरल में समर्थ मित्तल को हैड ब्वॉय और अनुप्रिया गोयल को हैडगर्ल बनाया गया। इसी तरह जूनियर वर्ग में पुलकित क्वात्रा को हैड ब्वॉय व रान्या को हैड गर्ल चुना गया। मौके पर हैड ब्वॉय हितांश सहगल व हैड गर्ल पनिष्टी कुमार ने अपनी पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ विद्यालय के हित में कार्य करने और विद्यालय को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। वहीं, कल्चरल हैड ब्वॉय व कल्चरल हैड गर्ल ने भी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपनी जिम्मेवारी निभाए जाने का संकल्प लिया।

# रोडवेज कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया रोष प्रदर्शन

■ प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

हरियाणा रोडवेज संयुक्त सांझा मोर्चा डिपो यमुनागर के रोड़वेज कर्मचारियों ने शुक्रवार को अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन किया और गेट मीटिंग कर रोष जताया। इस दौरान रोड़वेज कर्मचारियों ने सरकार व परिवहन निगम के खिलाफ नारेबाजी की।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगो को जल्द पूरा नहीं किया गया तो वह बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। शुक्रवार सुबह हरियाणा रोड़वेज संयुक्त सांझा मोर्चा के सैंकड़ो कर्मचारी यमुनानगर डिपो के डिपो प्रधान महिपाल सौदे, राजिंद्र कांबोज, जगजीत सिंह व राजेश कुमार के नेतृत्व में कर्मशाला के गेट पर एकत्रित हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

मौके पर डिपो प्रधान महिपाल सौदे ने कहा कि चालको परिचालकों का परिवहन निगम ने रात्रि ठहराव भत्ता सीमित करके केवल 15 रात्रि का ठहराव डिपो स्तर पर कर दिया गया है। यह निर्णय विभाग के हित में नहीं है। क्योंकि सभी डिपो में सभी मार्गों अनुसार स्टाफ उपलब्ध नही है। जिन मार्गों पर स्टाफ उपलब्ध नहीं है वहां पर चालकों व परिचालकों को हटाए जाने से वहां पर रात्रि ठहराव नहीं होने के कारण मार्ग बंद हो जाएंगे। जिसका सीधा असर मार्गों से आवागमन करने वाले विद्यार्थियों व आम जनता पर पड़ेगा। उन्होंने सरकार से चालकों व परिचालकों का रात्रि भत्ता व ओवर टाइम्स पहले की तरह शुरु किए जाने , यमुनानगर डिपो में पुरानी गाड़ियों के स्थान पर नई बसें लाए जाने की मांग की।



यमुनानगर। में बस डिपो के समक्ष रोष प्रदर्शन करते हुए रोड़वेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**कार्यशाला** डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में कार्यक्रम का आयोजन

> प्रिंसिपल रमन शर्मा ने दोनों रिसोर्स पर्सन का आभार प्रकट किया

# कार्यशाला में शिक्षकों को बताए तनाव पहचानने और कम करने के उपाय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर**

डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में शुक्रवार को मानसिक तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल करनाल की अंबिका कपिल, रामप्रसाद व डीएवी स्कूल शाहाबाद की श्रुति ने रिसोर्स पर्सन की भूमिका निभाई।

कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल के प्रिंसीपल रमन शर्मा ने किया। स्कूल को-ऑर्डिनेटर मीनाक्षी शर्मा व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की पारंपरिक शुरूआत की। कार्यशाला में विद्यालय के स्टाफ सदस्यों के अतिरिक्त आसपास के विद्यालयों से आए हुए लगभग साठ अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भाग लिया। दोनों रिसोर्स पर्सन ने शिक्षकों को तनाव को पहचानने, उसे कम करने के प्रभावी उपाय बताए। उन्होंने व्यावहारिक योगाभ्यास, सकारात्मक सोच और समय प्रबंधन के महत्व पर विशेष बल दिया। सभी अध्यापकों ने कार्यशाला को उपयोगी और प्रेरणादायक अनुभव बताया तथा आश्वस्त किया कि वे सीखे हुए टिप्स को अपनी कक्षाओं के साथ-साथ अपने व्यक्तिगत जीवन में भी अपनाएंगे।

प्रिंसीपल रमन शर्मा ने दोनों रिसोर्स पर्सन का आभार प्रकट किया और कहा कि सीबीएसई द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस के अनुसार सभी स्कूलों के सभी अध्यापक वर्ग के लिए इस प्रकार की ट्रेनिंग में भाग लेना अनिवार्य है। इस प्रकार की कार्यशालाएं तथा सेमिनार अध्यापकों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के आधार पर स्वयं को तैयार करने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने इस प्रकार की कार्यशालाओं को शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया और कहा कि इससे उनके पढ़ाने में और निखार आएगा।


यमुनानगर। के डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य।

# डीएवी की छात्रा सानिया ने लॉंग जम्प में प्राप्त किया प्रथम स्थान

■ -रोटरी क्लब रादौर द्वारा एमएलएन कालेज रादौर में खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर**

अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्थान रोटरी क्लब रादौर के तत्वावधान में कस्बा के एमएलएन कालेज में हाकी के जादूगर एवं भारत रतन मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष में पांचवीं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र 21 स्कूल व कॉलेजो के खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं रादौर के तहसीलदार अशोक कुमार ने रिबन काटकर किया। कॉलेज के डीपी डॉ. महेंद्र सिंह आलमपुर ने बताया कि लड़कियों की ओपन कैटेगरी में आयोजित हुई लांग जम्प प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल की छात्रा सानिया ने प्रथम, मुकंदलाल कॉलेज की मन्नत ने द्वितीय व इसी कॉलेज की छात्रा महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


यमुनानगर। खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाता खिलाड़ी व पुरस्कार प्राप्त कर खुशी जताते हुए विजेता खिलाड़ी और स्टाफ सदस्य।

## खबर संक्षेप



कुरुक्षेत्र। बालक नोमान चौहान को समान्नित करते स्कूल प्रधानाचार्य उमेद सिंह किराड़ व अन्य स्टाफ सदस्य।

### जिमनास्टिक प्रतियोगिता में नमित रहा प्रथम

कुरुक्षेत्र। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 21 से 28 अगस्त 2025 को जिला खेल प्रतियोगिता में नोमान चौहान ने जिमनास्टिक खेल के अंडर 11 केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रधानाचार्य उमेद सिंह किराड़ ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा ये खेल जिला स्तरीय आयोजित किये गए थे। जिसमे जिमनास्टिक खेल के अंडर 11 केटेगरी में बाल भवन का छात्र नोमान चौहान ने सभी छात्रों को पछाड़ते हुए प्रथम रहा। स्कूल के लिए यह गर्व की बात है कि बालक नोमान चौहान पिछले वर्ष भी प्रथम रहा था। यह बालक लगातार दो वर्षों से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रथम आ रहा है। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकार गौरव रोहिल्ला ने स्कूल के अध्यापक गण व बालक की तारीफ की व साथ ही बालक नोमान चौहान के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूरा स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## साई के सहायक निदेशक ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर किया प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

# मेहनत, लगन और लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेजर ध्यानचंद के जीवन से युवाओं को मिलेगी प्रेरणा : बाबू राम

- वॉलीबाल मैच और रस्सा कसी के खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने कहा कि मेहनत, लगन और लक्ष्य को हासिल करने के लिए युवा पीढ़ी को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस खिलाड़ी ने भारतीय हॉकी को पूरी दुनिया में एक नई पहचान दिलाने का काम किया। आज पूरे देश में उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

सहायक निदेशक बाबू राम रावल शुक्रवार को साई कुरुक्षेत्र में मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले सहायक निदेशक बाबू राम रावल, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, सेवानिवृत चीफ हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह, सीनियर कोच कुलदीप सिंह वडैच, सेवानिवृत डीएसओ यशवीर सिंह, प्रशिक्षक साहिल कुमार, कोमल, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, समाजसेवी विनोद कुमार व नरेश कुमार ने मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। इसके उपरांत सहायक निदेशक ने विधिवत रूप से वॉलीबाल मैच का शुभारंभ करवाया।



कुरुक्षेत्र। खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर साई की तरफ से 4 टीमों ने वॉलबाल मैचों में शानदार प्रदर्शन किया वहीं रस्साकसी के खेल में सभी खिलाड़ियों ने खूब आनंद लिया। इसके उपरांत सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार और उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे स्वच्छ कुरुक्षेत्र, मेरा कुरुक्षेत्र, मेरा अभियान की शपथ दिलवाई और अपने संस्थान और आस-पास के क्षेत्र को साफ बनाने के लिए श्रमदान करने की अपील भी की। सहायक निदेशक ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय निदेशक डा.शिवम शर्मा के मार्गदर्शन में साई कुरुक्षेत्र में मेजर ध्यानचंद की जयंती पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस खेल दिवस के तीसरे दिन 31 अगस्त को सुबह 6 बजे साई के सभी खिलाड़ी ब्रह्मसरोवर पर साइक्लोथॉन में पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### गीता विद्यालय में मनाया खेल दिवस

श्रीमद्भगवद गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बड़े उत्साह के साथ खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के आचार्य भूपेंद्र के उद्बोधन से हुई। उन्होंने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं बल्कि यह टीम भावना और अनुशासन का भी विकास करते हैं। कक्षा 12 के विद्यार्थी वैभव ने खेलों के माध्यम से स्वयं की फिटनेस के साथ-साथ परिवार और समाज की स्वास्थ्य सुरक्षा का संकल्प दिलाया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रेरणादायक भाषण दिया और खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया।



कुरुक्षेत्र। समाज की स्वास्थ्य सुरक्षा का संकल्प दिलाते शिक्षक।

## गीता कन्या विद्यालय में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में मटका दौड़, तीन टांग दौड़, फीटो, चम्मच दौड़, स्टेपू, खो खो, कैरम, रस्सी कूद, मेढ़क दौड़ इत्यादि खेल करवाए गए। जिसमें शिशु वाटिका से 12वीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभी विद्यार्थियों ने टीम भावना, अनुशासन व उत्साह का परिचय दिया। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय खेल दिवस के बारे मे जानकारी दी गई और बताया गया कि यह दिन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद जी के खेल के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान को समर्पित है। मेजर ध्यान चंद की खेल भावना और समर्पण हम सभी के लिए आदर्श है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ



त्रिखा व डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि श्रीमती अंजलि शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी एवं प्राचार्या श्रीमती सुमन बाला ने सभी को राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई दी।

# सभी वार्डों में होगा समान रूप से विकास : सुभाष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद

शाहाबाद के वार्ड नंबर 17 में करीब 20 लाख की लागत से बनने वाली करीब 1 हजार फीट लंबी सडक के निर्माण कार्य को हरी झंडी दे दी गई। जिसकी शुरूआत शाहबाद के वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष कलसाना और वार्ड पार्षद पंकज सिंगला ने की। इस दौरान जनता से संवाद करते हुए सुभाष कलसाना ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में समान रूप से विकास हो इसके लिए वह लगातार नगरपालिका प्रशासन से संपर्क बनाए हुए हैं।

उन्होंने कहा कि फिर भी अगर किसी पार्षद को किसी तरह की समस्या आती है तो वह उनसे संपर्क कर सकता है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका में विकास राशि की कमी नहीं है और आने वाले दिनों में विकास परियोजाओं को तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है और जिसका एक ही मकसद है कि शहर को स्वच्छता का माहौल दिया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शाहबाद विधानसभा क्षेत्र विकास की दृष्टि में नयी पहचान बनाने का काम करेगा। पार्षद पंकज सिंगला ने बताया कि इस सडक के निर्माण की मांग दुकानदार काफी समय से कर रहे थे और आज इस उस मांग पर कार्य शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर नपा के पूर्व प्रधान बलदेव राज चावला, महामंत्री जतिन पोपली, पार्षद दीपक आनंद, महामंत्री एडवोकेट मनदीप रावा, आशी साहनी, तिलक राज, श्याम रावत सहित भाजपा के कई कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



शाहबाद। सड़क के निर्माण की शुरुआत करते सुभाष कलसाना व पंकज सिंगला। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को हमेशा अपने अध्यापकों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना चाहिए : दीपक

शाहबाद। सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को भारत विकास परिषद शाहाबाद मारकंडा द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ आर. एस. घुम्मन, उप-प्रधानाचार्य सतबीर सिंह, मनदीप कुमार को श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से और बारहवीं के विद्यार्थी. सिमरनजीत कौर और श्वेता को श्रेष्ठ प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत विकास परिषद व सतलुज स्कूल के स्टॉफ द्वारा दीप प्रज्जलवित करके किया गया। प्रधानाचार्य व स्टॉफ द्वारा परिषद के सदस्यों का फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। परिषद के प्रधान दीपक आर्य ने अपने भाषण में कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा अपने अध्यापकों द्वारा दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने उन्हें कठिन परिश्रम करने के लिए कहा और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। परिषद के सदस्य परमजीत पाहवा और अमित अग्रवाल ने भी अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी में इतनी हिम्मत और शक्ति होती है की वह अपने जीवन में कठिन से कठिन मुकाम भी हासिल कर लेता है। प्राचार्य घुम्मन ने कहा कि अध्यापकों व विद्यार्थियों को अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का सही तरह से निर्वाह करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को हर कदम पर आगे बढ़ने और विश्वास बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात परिषद के प्रधान दीपक आर्य को समृति चिन्ह व शाल देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन अरशदीप कौर ने किया। इस अवसर पर रवनीश कटारिया, हरपाल सैनी, सुनील गुप्ता, अनिल अरोड़ा, सुनीता पाहवा, नेहा गर्ग, रेनू बंसल, मीतू गाबा, सुनील गोयल, स्कूल वाईस प्रिंसिपल सतबीर सिंह, प्रबंधक मनोज भसीन व स्कूल स्टॉफ उपस्थित था।



### 150 विद्यार्थियों ने डॉ. कुकरेजा से सीखी योग की एबीसी

कुरुक्षेत्र। 27 से 29 अगस्त तक राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गांधी नगर, कुरुक्षेत्र में एबीसी की प्रथम सीरीज की डिजिटल वीडियो के माध्यम से 6वीं, सातवीं व आठवीं कक्षा के लगभग 150 विद्यार्थियों को योग का सैद्धांतिक व क्रियात्मक ज्ञान हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य एवं भारतीय योग संस्थान के हरियाणा प्रान्त के पूर्व संगठन मंत्री डॉ मनीश कुकरेजा के निर्देशन में अर्जित किया। विद्यालय के मुख्य अध्यापक संजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में व अन्य अध्यापकों बलजीत जांगड़ा, निर्मला देवी, सुदेश कुमारी, बीरेंद्र सिंह, सौरभ गांधी, सतीश कुमार, अमित कुमार के सहयोग से प्रतिदिन प्रातः 8.30 से 10 बजे तक का सत्र लिया गया जिसे विद्यार्थियों ने रूचि पूर्वक आत्मसात किया। इस सत्र विद्यार्थियों ने क्रियात्मक रूप से पद्मासन, गरुड़ासन, नौली, ॐ जाप, ध्यान, स्वाध्याय, ज्ञान मुद्रा, हास्य योग, कपाल भाती, मन्त्र जाप, त्राटक चक्रासन आदि का अभ्यास खेल खेल में सीखें योग के अंतर्गत किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी अध्यापकों ने मुख्य वक्ता डॉ मनीश कुकरेजा का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया व भविष्य में विद्यालय में योग विषय को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करने हेतु निमंत्रण भी दिया।

## नगर परिषद कार्यालय में सचिव ने सफाई दरोगाओं व सुपरवाइजर की ली मीटिंग



कुरुक्षेत्र। सचिव अरविंद कुमार ने सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए नगर परिषद कार्यालय में सभी सफाई दरोगाओं व सुपरवाइजर की मीटिंग ली। मीटिंग में अरविंद कुमार ने सफाई दरोगाओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें और अच्छा काम करने के लिए प्रेरित किया। अरविंद कुमार ने कहा कि सभी कर्मचारी पूरी ईमानदारी मेहनत और लगन के साथ काम कर रहे हैं, लेकिन अभी भी हमें सफाई के क्षेत्र में जिला कुरुक्षेत्र को रैंकिंग में एक नंबर पर लेकर आना है लेकिन यह सब तभी संभव हो सकेगा जब हम सभी अपना काम पूरी ईमानदारी लगन के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र एक धर्मनगरी होने के साथ-साथ सीएम सिटी भी है इसलिए यहां प्रतिदिन वीवीआईपी लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसके साथ ही बाहर से भी भारी संख्या में पर्यटक भी आते हैं और सबसे पहले फोकस उनका साफ सफाई पर ही जाता है। ऐसे में हमारा कार्य सबसे महत्वपूर्ण कार्य सफाई का ही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग खुले में कूड़ा डाल देते हैं ऐसे लोगों की आप पहचान करें और हो सके तो मोबाइल में दूर से उनकी फोटो कर ले ताकि नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

### लोहारा में युवा संसद का किया आयोजन

कुरुक्षेत्र। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारा में युवा संसद का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा 11वीं तथा 12वीं के कुल 50 बच्चों ने भाग लिया। इस आयोजन में अश्विनी कुमार प्रवक्ता राजनीति विज्ञान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेहरा तथा लखविंदर सिंह प्रवक्ता राजनीति विज्ञान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरौट ने जज की भूमिका निभाई। यह आयोजन स्कूल स्तर पर किया गया। इस आयोजन में बच्चों ने संसद का नाट्य रुपांतरण प्रस्तुत किया। जिसमे संसद मे कैसे कार्यवाई होती है विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या प्रवीण कुमारी, सुशील कुमार, राज कुमार, दमयन्ती देवी, ममता रानी, शिवानी व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# खेल दिवस पर जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने शारीरिक शिक्षा अध्यापकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पिहोवा हलके के गांव स्योंसर के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद कुरुक्षेत्र की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर विद्यालय के प्राचार्य देसराज, गांव के सरपंच संदीप मोर, विद्यालय के शिक्षकों, शारीरिक शिक्षा अध्यापकों ने उनका स्वागत किया। जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, ग्रामीणों को खेल दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेहनत, लगन और लक्ष्य को हासिल करने के लिए युवा पीढ़ी को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस खिलाड़ी ने भारतीय हॉकी को पूरी दुनिया में एक नई पहचान दिलाने का काम किया। आज पूरे देश में उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शैक्षिक गतिविधियों के साथ साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़ चढकर भाग लें। उन्होंने कहा कि स्योंसर गांव उनके पिताजी की कर्मभूमि रही है। यहां पर उनके पिताजी ने पशु चिकित्सक के रूप में 25 साल अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने विद्यालय व गांव के विकास के लिए ग्रामीणों की मांग के अनुरूप ग्रांट जारी करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पिहोवा हलके के शारीरिक शिक्षा अध्यापकों को खेल कार्यों में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित भी किया। चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया और सभी जिलावासियों से अपील की।



**जानकारी** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 31 अगस्त की साइक्लोथॉन यात्रा में लेंगे हिस्सा

# धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के पावन तीर्थ से निकालने वाली साइक्लोथॉन यात्रा प्रदेश को देगी स्वच्छता का संदेश : विश्राम कुमार मीणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के पावन तीर्थ से प्रदेश को स्वच्छता का संदेश देने के लिए साइक्लोथॉन निकाली जाएगी। इस यात्रा को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे और खुद भी साइकिल चलाते हुए साइक्लोथॉन में हिस्सा लेंगे। शहर में 31 अगस्त को निकाली जाने वाले साइक्लोथॉन की प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है।

रूट प्लान तय किया जा चुका है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को ब्रह्मसरोवर तीर्थ पर साइक्लोथॉन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जायजा ले रहे थे। उन्होंने इस दौरान संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एएसपी प्रतीक गहलोत, डीएमसी अमन कुमार, सीईओ जिला परिषद शंभू राठी, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार मौजूद रहे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र से प्रदेश वासियों को फिट इंडिया, खेल युक्त नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देंगे।

साथ ही मेरा कुरुक्षेत्र स्वच्छ कुरुक्षेत्र का संदेश भी दिया जाएगा। इस साइक्लोथॉन में 2 हजार साइक्लिस्ट, 6 हजार स्कूल विद्यार्थी, खिलाड़ी व अन्य युवा वर्ग भाग लेगा। इसके अलावा शहर की अन्य संस्थाओं व समाज के लोगी की भागीदारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इसी भूमि से भगवान श्रीकृष्ण ने मानव जाति के उत्थान के लिए गीता उपदेश दिया था। यहीं से मुख्यमंत्री ने गत दिनों प्रदेश को स्वच्छता को लेकर संदेश दिए है।

उसी संदेश से प्रदेश में 11 सप्ताह का स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई थी। उन्होंने शहरवासियों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में इस यात्रा में शामिल हों। जो व्यक्ति साइकिल के साथ हिस्सा नहीं ले सकता, वो यात्रा के स्वागत और हौसला बढ़ाने के लिए घर से बाहर निकलकर सहयोग करे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा कुरुक्षेत्र से स्वच्छता अभियान की शुरुआत करना गर्व की बात है।



कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर तीर्थ पर साइक्लोथॉन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जायजा लेते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा। फोटो : हरिभूमि

### बेस्ट सेल्फी पर 2 अक्टूबर को किया जाएगा सम्मानित

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि शहरवासी मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान में हिस्सा लेते हुए अपने क्षेत्र में सफाई अभियान चलाएं। साथ ही सफाई की सेल्फी लेकर प्रशासन के पास भेजें। जिला प्रशासन के पास आने वाली सेल्फियों में से जो सेल्फी बेस्ट आएंगी। उन्हें दो अक्टूबर को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान से खेलो इंडिया, स्वच्छ इंडिया, क्लीन इंडिया, फीट इंडिया, स्वच्छ कुरुक्षेत्र, स्वच्छ भारत का संदेश दिया जा रहा है। ऐसे में सभी को एकजुट होकर ये अभियान सफल बनाना होगा।

# अभिमन्युपुर में लगा विशाल सूर्यकुंड मेले में कलाकारों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

अदिति वन सूर्यकुण्ड तीर्थ पर शुक्रवार को मार्तण्ड सूर्य की जयंती के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ बाबा हठीगिरि महाराज की यज्ञशाला में यज्ञ से हुआ। श्रद्धालुओं ने सूर्यकुंड तीर्थ पर स्नान और दान किया। इस मौके पर भगवान वामन और मार्तण्ड सूर्य के थीम पर संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भगवान वामन की लीलाओं पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हरियाणा कला परिषद के सौजन्य से नाटक और संगीत की शानदार प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक समारोह में मुख्यतिथि के रूप में पहुंचे 48 कोस तीर्थ मॉनिटरिंग कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि अदिति वन सूर्यकुण्ड तीर्थ का वामन पुराण में कई जगह उल्लेख मिलता है। मार्तण्ड सूर्य बहुत प्रतापी देव हुए। मुख्यतिथि मदन मोहन छाबड़ा ने समारोह के अध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा के साथ अभिमन्यु पार्क एवं चक्रव्यूह का अवलोकन किया। उपेंद्र सिंघल ने कहा कि अदिति वन तीर्थ कुरुक्षेत्र के सर्वाधिक महत्वपूर्ण तीर्थों में से एक है। उन्होंने सूर्यकुंड समिति तथा ग्राम पंचायत अभिमन्युपुर के सदस्यों के साथ तीर्थ के विकास की योजनाओं पर चर्चा की। समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेश चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जसमेर सिंह चौहान, हरिचरण शर्मा, मोहन लाल नागपाल, शीशपाल गुप्ता, रगबीर सिंह, अजय चौहान, सुभाष टामक और डॉ. विकास आदि उपस्थित थे।



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### मैवरिक्स स्कूल में 400 छात्रों के दांत किए चेक

**मुलाना।** एमएम डेंटल अस्पताल के डॉक्टरों की एक विशेष टीम ने रोटरी क्लब के सहयोग से मैवरिक्स इंटरनेशनल स्कूल मुलाना में दंत चिकित्सा जांच शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय-समय पर दांतों की जांच करवाने के लिए प्रेरित करना था।शिविर के दौरान लगभग 400 विद्यार्थियों के दांतों की निशुल्क जांच की गई। चिकित्सकों की अगुवाई दंत चिकित्सक डॉ. अरुणेंद्र सिंह चौहान ने की।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज लोहा प्लेट चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमनदीप सिंह उर्फ चिड़ा को गिरफ्तार किया है। परिवादी प्रदीप कुमार ने 22 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने गरनाला बैंक से 24 लोहा प्लेट चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### तेल डलवा भागने वाला काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज गाड़ी में धोखाधड़ी से तेल डलवाकर पैसे न देकर भाग जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार उर्फ प्रिंस व हरजिंद्र सिंह उर्फ टिंकू को गिरफ्तार किया है। भड़ी के सरमीत सिंह ने 28 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि भारत पेट्रोल पंप गांव भड़ी से वाहन चालक ने धोखाधड़ी से गाड़ी में 1500 रूपये का पेट्रोल डलवाकर पैसे न देकर भाग जाने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### संत बाबा श्रीचंद महाराज का उत्सव 5 से 7 तक

**बराड़ा।** कस्बा इस समय धार्मिक उल्लास और भक्ति के रंग में रंगा हुआ है। आगामी 5, 6 और 7 सितंबर 2025 को संत बाबा श्रीचंद महाराज का 531वां प्रकाश पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इसका आयोजन डेरा संत बाबा दलजीत सिंह में होगा। इसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में संगत शामिल होकर समागम की शोभा बढाएगी। आयोजन समिति के अशोक खरबंदा ने बताया कि 5 सितंबर को प्रातः 8 बजे से श्रीअखंड पाठ साहिब का शुभारंभ होगा।

# भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश हुई सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** यूनिवर्सिटी स्कूल आफ मैनेजमेंट की सीनियर प्रोफेसर व भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल आफ मैनेजमेंट की सीनियर प्रोफेसर व भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत) की कुलपति प्रो. सुदेश व रसायन विभाग के सीनियर प्रोफेसर संजीव अरोड़ा के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल सहित विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सेवानिवृत्त पार्टी का आयोजन किया गया व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि प्रो. सुदेश, वर्तमान में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत) में कुलपति हैं। इससे पहले, वे यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में प्रोफेसर, महिला अध्ययन अनुसंधान केंद्र, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की निदेशक और मानव संसाधन विकास केंद्र, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की निदेशक थीं। 2002-03 में उन्हें यूनाइटेड किंगडम के कार्डिफ स्थित कार्डिफ बिजनेस स्कूल में प्रतिष्ठित कॉमनवेल्थ फेलोशिप प्रदान की गई। 2009-10 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा पोस्ट-डॉक्टरल फेलोशिप प्रदान की गई। उन्हें 31 वर्षों जिसमें शैक्षणिक, प्रशासनिक और शोध का अनुभव है। उनके बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और प्रबंधन के क्षेत्र में कई निर्णायक शोध पत्र प्रकाशित।

उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय, वारविक विश्वविद्यालय, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और ऑस्ट्रेलिया के सिडनी विश्वविद्यालय जैसे यूनाइटेड किंगडम के विश्वविद्यालयों का दौरा करके अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त किया। उच्च शिक्षा में महिला प्रबंधकों के लिए क्षमता निर्माण पर यूजीसी कार्यक्रम में प्रशिक्षु, प्रशिक्षक और एसएएम एवं टीओटी कार्यशालाओं के समन्वयक के रूप में सक्रिय रूप से शामिल है।

## प्रो. सुदेश के नेतृत्व में विवि छू रहा है नई बुलंदियाः जय नारायण शर्मा



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय वार्ड के पूर्व नगर पार्षद एवं नगर परिषद के पूर्व वाइस चैयरमैन जयनारायण शर्मा ने विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति अवसर पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने शिक्षकों व कर्मचारियों की कड़ी मेहनत व कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में नैक द्वारा ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्राप्त किया है। एडवोकेट जय नारायण शर्मा ने खासतौर पर यूनिवर्सिटी स्कूल आफ मैनेजमेंट की सीनियर प्रोफेसर व भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत) की कुलपति प्रो. सुदेश की सेवानिवृत्ति पर कहा कि प्रो. सुदेश को 31 वर्षों का शैक्षणिक, प्रशासनिक और शोध अनुभव है। उनके कुशल नेतृत्व में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध, खेल व हर क्षेत्र में नई बुलंदियां छू रहा है। उन्होंने सदैव विश्वविद्यालय हित व महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत स्तर पर शक्तिशाली बनाने के सार्थक प्रयास किए ताकि वे अपने जीवन से जुड़े निर्णय खुद ले सकें, अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकें और पुरुषों के समान अवसर व सम्मान प्राप्त कर सकें। उन्होने कहा कि प्रो. सुदेश छिक्कारा जोकि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुई है ने कर्तव्य पारायणता व पूरी निष्ठा के साथ अध्यापन कार्य किया व शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया। इस समय वह भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के कुलपति पद पर हैं। उनके मार्गदर्शन में यह विश्वविद्यालय महिला शिक्षा के क्षेत्र में दिन प्रतिदिन उन्नति कर रहा है।

### लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर जाने के आदेश

# टांगरी नदी का पानी कॉलोनियों में घुसा, लोगों में दहशत का माहौल

### कई परिवारों ने घर छोड़ने की बजाय छतों पर डाला डेरा

*अचानक आए पानी से इन कॉलोनियों में अफरातफरी मची, ज्यादातर परिवार बाढ़ की आशंकाओं के बीच घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर चले गए, कई परिवारों ने घर की छतों पर ठिकाना बना लिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पहाड़ों पर हो रही बरसात की वजह से अंबाला छावनी में बाढ़ के हालात बन गए। बरसाती नदी टांगरी नदी में शुक्रवार दोपहर को अचानक करीब 40 हजार क्यूसिक पानी आ गया। इसके बाद नदी का पानी पास बसी एक दर्जन से ज्यादा रिहायशी कॉलोनियों में घुस गया। अचानक आए पानी से इन कॉलोनियों में अफरातफरी मच गई। ज्यादातर परिवार बाढ़ की आशंकाओं के बीच घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर चले गए। कई परिवारों ने घर की छतों पर ठिकाना बना लिया है। टांगरी में आए भारी पानी की वजह से प्रशासन अलर्ट हो गया। मंत्री अनिल विज ने हालात का जायजा लेकर एनडीआरएफ को स्थिति संभालने के आदेश दिए। पानी की वह से कई कॉलोनियों में घर डूब गए। सड़कें नदी में तब्दील हो गई। एनडीआरएफ की टीमों ने पानी से घिरे घरों में फंसे लोगों को नाव के जरिए बाहर निकालना शुरू कर दिया है।

#### सुरक्षित ठिकानों पर जाएं लोग

टांगरी नदी में अचानक आए उफान के बाद प्रशासन भी अलर्ट नजर आ रहा है। लगातार अनाउंसमेंट करवाई जा रही है कि गांव चंदपुरा तटबंध के अंदर बसी कॉलोनियों के लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। हालांकि अभी तक प्रशासन की ओर से किसी भी परिवार के लिए सुरक्षित ठिकानों का बंदोबस्त नहीं किया है।



**अंबाला।** टांगरी नदी में आए उफान के बाद छावनी की कई कॉलोनियों में बने बाढ़ के हालात।

#### सामान्य से ज्यादा पानी आयाः विज

उर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि पहाड़ों पर ज्यादा बारिश होने पर टांगरी नदी में पानी आता है। शुक्रवार को नदी में 30 हजार क्यूसिक से ज्यादा पानी आया है। यह सामान्य से बहुत ज्यादा है। इसी वजह से टांगरी नदी में उफान आ गया है। उन्होंने कहा कि बरसाती सीजन से पहले टांगरी नदी को गहरा करने का काम काफी किया है। मगर कुछ अड़चनों के कारण कार्य 25 प्रतिशत ही हो सका था। शेष कार्य बरसाती सीजन के बाद होगा। उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि 30 हजार क्यूसिक पानी सुरक्षित अंबाला छावनी से निकल जाएगा, मगर फिर भी खतरे को देखते हुए सारे प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है। मंत्री ने बताया कि अंबाला छावनी में सुरक्षा की दृष्टि से एनडीआरएफ को बुला लिया गया है। किसी समस्या से निपटने के लिए नाव भी मंगवाई गई हैं। जिन लोगों के घर टांगरी नदी के अंदर है उन्हें अपना आवश्यक सामान लेकर टांगरी नदी से बाहर आने को कहा जा रहा है।

#### स्कूलों में छुट्टियां घोषित

*टांगरी नदी की वजह से छावनी में बाढ़ की स्थिति बन रही है। ऐसे में प्रशासन की ओर से नदी के आसपास के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में छुट्टी करवा दी है। डीएवी स्कूल को पहले ही छुट्टी कर खाली करवा दिया गया है। आसपास के स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं पानी की वजह से टांगरी नदी के पास बसी स्कूल कॉलोनी, विकासपुरी, न्यू कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी, पूजा विहार, प्रभु प्रेम पुरम ईस्ट, प्रभु प्रेम पुरम, सोनिया कॉलोनी, न्यू एकता विहार न्यू लक्की नगर, न्यू गणेश नगर, न्यू प्रीत नगर, न्यू टैगोर गार्डन, परशुराम कॉलोनी, आजाद नगर, अर्जुन नगर व कमल नगर के रिहायशी भवनों में पानी भर गया है। इन कॉलोनियों की सड़कें नदियों में तब्दील हो गई हैं। लोग पानी से होकर ही सुरक्षित ठिकानों की ओर से निकल रहे हैं।*

## रामलीला रिहर्सल के दौरान हुआ अंगद- रावण संवाद



**मुलाना।** रिहर्सल के दौरान एकजुट क्लब सदस्य।

- रावण बोला, तेरे जैसे बालक तो मैंने पढ़ाए, अंगद बोला, पढ़ाए होंगे शायद, जिस दिन थे आप आपे में, अब तो अक्ल मारी गई आकर बुढापे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

श्रीरामा ड्रॉमाटिक क्लब द्वारा 17 सितंबर से रामलीला का मंचन होगा।यह जानकारी क्लब के प्रधान अनिल सैनी ने दी।उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन को लेकर रामलीला क्लब के कलाकारों द्वारा देवी मंदिर प्रांगण में रिहर्सल की जा रही है। बता दें कि श्रीरामा क्लब में रामलीला मंचन में किरदार युवाओं द्वारा निभाए जाते है।

क्लब की ओर रामलीला की रिहर्सल में भगवान रामजन्म ,राम बनवास, भरत मिलाप , सीता हरण, सेतु निर्माण, अंगद - रावण संवाद, विभीषण का राम शरण में जाना, विभीषण का राजतिलक व रामादल की लंका पर चढ़ाई आदि लीला की रिहर्सल की जा रही है ।यहां रिहर्सल में नए युवाओं को भी किरदार निभाने का मौका दिया जा रहा है। रामलीलाओं में राम से लेकर रावण तक, शूर्पणखा से लेकर शबरी तक को गाकर संवाद करने होते हैं। यही वजह है कि जिन कलाकारों की आवाज अच्छी होती है, अमूमन इन किरदारों के लिए उन्हें ही चुना जाता है।

क्लब में 26 साल से अनेकों किरदार निंभा रहे महिपाल राणा व अन्य सदस्यों ने बताया कि क्लब चाहता है कि हर साल नए युवा भी क्लब से जुड़े। वे भारतीय संस्कृति को अपने जीवन में उतारें। उन्होंने कहा कि रामलीला मंच पर युवाओं को काफी चीजें सीखने को मिलती है।

रामलीला मंच पर युवाओं के बोलने की प्रतिभा में भी निखार आता है। क्लब प्रधान अनिल सैनी ने कहा कि श्रीरामा क्लब का मंच पवित्र मंच है। यहां कोई भगवान श्रीराम के चरणों मे मन्नत मांगता है तो उस की मन्नत अवश्य पूरी होती है। रिहर्सल के दौरान रावण और अंगद में संवाद हुआ जिस में, रावण बोला /"तेरे जैसे बालक तो मैंने पढ़ाए है/" अंगद बोला : पढ़ाए होंगे शायद ,जिस दिन थे आप आपे में,अब तो अक्ल मारी गई आकर बुढापे में।

## भाजपा का झांसा मॉडल उजागर, जैन बोले महिलाओं से छल, वादों का हश्र भी खोखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं जिला बार एसोसिएशन अंबाला के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि महिलाओं के नाम पर वोट बटोरना और चुनाव जीतने के बाद वायदों से पलटना, भाजपा का स्थायी चरित्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में 'बेटी-बहन योजना' के नाम पर 26 लाख से अधिक महिलाओं को लाभार्थी सूची से बाहर कर दिया गया, जबकि हरियाणा में चुनाव से पूर्व 'लाड़ली बहना योजना' का शोर मचाया गया था लेकिन उसे शुरू करने का नाम तक नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह 'झांसा मॉडल' और कुछ नहीं बल्कि छल और धोखे की गारंटी है। इसके विपरीत कांग्रेस की सरकार ने कर्नाटक में महिला सशक्तिकरण का एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया है।जहां पिछले दो वर्षों से 'गृह लक्ष्मी' योजना के तहत 1.22 करोड़ महिलाओं को प्रतिमाह 2000 उनके खातों में सीधे दिए जा रहे हैं। यही नहीं, 'शक्ति योजना' जैसी पहल से महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है। रोहित जैन ने कहा कि भाजपा केवल वायदों के ढोल पीटती है, जबकि हकीकत यह है कि महिलाओं, किसानों, युवाओं और श्रमिकों से किए गए सभी वादे हवा-हवाई साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर मुकदमे दर्ज करके आवाज को दबाना और संसद-विधानसभा की कार्रवाई पर प्रतिबंध लगाना लोकतंत्र का गला घोटने जैसा है।

## सरकार द्वारा तैयारी के दावे हुए पानी-पानी

- युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने बोला हमला, कहा बंधे पर 'शेल्टर-स्पॉट' स्थापित करे सरकार, प्रभावित परिवारों के लिए हो खाने,पानी और ई टॉयलेट्स की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने भी शुक्रवार को टांगरी नदी में आए उफान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अंबाला छावनी के हालात पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि इस बार इंद्रदेव ने जनता पर रहम खाया वरना हालात और भयावह हो सकते थे। बरसात अपेक्षा से बहुत कम हुई, यह कुदरत की कृपा दृष्टि थी। मगर सरकार और प्रशासन की लापरवाही ने लोगों को मौत के मुंह में धकेलने में कोई कमी नहीं छोड़ी। चित्रा ने कहा कि चंदपुरा,रामगढ़ माजरा और रामपुर सरसेहड़ी के पास तीस लाख रुपये की लागत से एक कच्चा बंधा तैयार किया गया था लेकिन पानी का दबाव बढ़ते ही वह ध्वस्त हो गया।



करोड़ों के दावे करने वाली सरकार का यह "सपना" उसी क्षण धराशायी हो गया। बंधा टूटते ही पानी घरों और खेतों में घुस गया, बस्तियां डूब गईं और लोग अपनी गृहस्थी छोड़कर जान बचाने को विवश हो गए। अनेकों बच्चों व महिलाओं की आंखों में आंसू थे क्योंकि वो अपना आशियाना छोड़ कर जाना नही चाहते थे। चित्रा ने बताया कि एनडीआरएफ के साथ उनके आग्रह पर पर लोग अपना आशियाना छोड़ कर बंधे पर आ गए। उन्होंने कहा कि अमन नगर, पूजा विहार, प्रभु प्रेम पुरम, टेगोर गार्डन, न्यू प्रीत नगर, विश्वकर्मा नगर, लक्की नगर, आज़ाद नगर, इंद्रपुरी, खुड्डा, सोनिया कॉलोनी और आसपास की कॉलोनियों में



**अंबाला।** रिहायशी कॉलोनियों में हुए जलभराव का दृश्य।

स्थिति बेहद भयावह है। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग घंटों पानी में फंसे रहे। उन्होंने सरकार व प्रशासन से अपील भी की के बंधे पर शेल्टर स्पॉट स्थापित करे और प्रशासन महिलाओं व बच्चो के लिए ई टॉयलेट्स का प्रबंध करे। उन्होंने कहा कि यह किसी प्राकृतिक आपदा से अधिक प्रशासनिक विफलता और सरकारी बेरुख़ी का नतीजा है। सरवारा ने कहा कि मौसम विभाग व सिचाई विभाग द्वारा पहले ही सरकार को चेतावनी दी थी कि इस बार मानसून 110% तक प्रचंड हो सकता है, मगर न तो नदी की समय पर सफाई हुई और न ही खुदाई, और न ही बंधों की पुख़्ता मरम्मत। चित्रा सरवारा खुद अपनी टीम और जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंचीं। इसके बाद लोगों को बचाने का कार्य शुरू किया।

## वैश्विक कार्यक्रम विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए सीखने, अनूठा अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** वैश्विक कार्यक्रम में हिस्सा लेते छात्र।

अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज के एनडीएलआई क्लब द्वारा क्लब अध्यक्ष एवं लाइब्रेरियन डॉ. कौशल चौहान के नेतृत्व में कॉलेज के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों दोनों ने बड़े उत्साह से वैश्विक कार्यक्रम "ए फ्यूचर-प्रूफ करियर कोड" में भाग लिया। यह कार्यक्रम नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया और एनडीएलआई क्लब द्वारा व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें भविष्य के करियर को सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिए आवश्यक कौशलों जैसे आजीवन अधिगम, अनुकूलनशीलता, भावनात्मक एवं सामाजिक बुद्धिमत्ता, तकनीकी दक्षता, नैतिक कार्य संस्कृति और नेटवर्किंग पर विशेष चर्चा हुई। मुख्य वक्ता की भूमिका अभिजीत रॉय ने निभाई । कार्यक्रम का संचालन मनाली चौधरी सेनगुप्ता ने किया तथा संयोजन सुजाता रॉयने किया। डॉ. कौशल चौहान ने कॉलेज के विद्यार्थियों को एनडीएलआई क्लब का सदस्य बनाया। उन्हें यह भी बताया कि सदस्य बनने से छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षक इस प्रकार के वैश्विक कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं और सहभागिता प्रमाणपत्र भी डाउनलोड कर सकते हैं।

### सौंडा के में आयोजित खेल दिवस पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं

# छात्रों ने योग क्रियाओं के जरिए सबको चौंकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंडा में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में डीपी अध्यापिका सीमा रानी ने स्कूल प्रांगण में भिन्न-भिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं व योग क्रियाएं करवाई।

इसमें बच्चों का उत्साह व जोश देखने लायक था। विशेष रूप से बच्चों ने योग क्रियाएं जैसे सूर्य नमस्कार ,चक्रासन, भुजंगासन, गोमुखासन, गरुड़ासन ,पद्मासन व मानव पिरामिड आकृतियां बनाकर तालियां बटोरी । छोटे बच्चों ने नींबू रेस, 50 मीटर बोरी दौड़ व एरोबिक्स में अपने करतब दिखाकर दर्शकों का मन मोह लिया । चौथी कक्षा की छात्रा दीपजोत ने योग क्रिया के सफल आसन करके दशकों से खूब तालियां बटोरी । कक्षा सातवीं के छात्रों मोहित, हितेन, प्रिंस ,कार्तिक ,अंश ,हितेश ,जसप्रीत आदि ने मानव पिरामिड बनाकर अपनी कला का सफल प्रदर्शन किया ।



**अंबाला।** खेल दिवस पर योग क्रियाएं करते बच्चे।

इस अवसर पर अध्यापक प्रकाश गिल ने छात्रों को राष्ट्रीय खेल दिवस का महत्व व मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला व छात्रों को खेलों से होने वाले लाभ व राष्ट्रीय खेल नीति तथा माननीय राष्ट्रपति द्वारा दिए जाने वाले खेल अवार्ड जिनमें मुख्य रूप से खेल रत्न ,अर्जुन अवार्ड ,द्रोणाचार्य अवार्ड आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया । छात्रों को जीवन में खेल व प्रत्येक बच्चे को दिन में कम से कम एक घंटा खेलों को देने बारे उत्साहित किया।

अंत में प्रिंसिपल प्रदीप कुमार ने बच्चों द्वारा दिखाए गए सभी प्रोग्राम की प्रशंसा की व जीवन में खेलों के महत्व को बताते हुए हर छात्र को खेलों में भाग लेने के लिए उत्साहित किया। साथ ही छात्रों को इनाम बांटकर प्रोत्साहित किया । इस अवसर पर स्कूल स्टाफ की तमन्ना शर्मा, अंजू चहल, कपिल शर्मा नीरू, हरेश, भगत सिंह, पूनम देवी,जीवन, रजनी शर्मा, शमा गुप्ता व विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा ।